देव्यः पर्वदिनेषु स्नातुमगमंस्तौष्यां समं बन्धुभिः ॥

(50)

Still remember good old days, when a mere boy,
I witnessed with rapture, being myself very coy,
How Maharaja Pratap Singh and the royal queens,
Came to bathe in Taushi under heavy cautions.

(५०)

मुझे आज भी बचपन के वे दिन स्मरण आते हैं जब धर्ममूर्ति महामहिम दिवंगत महाराजा श्रीप्रतापसिंह और राजरानियां परिचरों समेत पर्वदिनों में तौषी के पावन जल में स्नान करने आती थीं ।

(५१)

धर्मप्राणमया द्विगर्तमणयो भूशासका डोगराः
श्रीमद्भूपगुलाबसिंहसुकृती तद्वंशजाश्चाधिपाः ।
तौषीपुण्यजलावगाहनधुताः सूर्योपरागागमे
ज्ञानध्यानपराः प्रसादमनयन् दानादिना भूसुरान् ॥

(51)

The most illustrious Maharaja Sri Gulab Singh,
The founder of the State, and other Dogra kings,
Took a dip in thy holy water on eclipse solar,
Meditated on thy bank and gifted richly to the poor.

(५१)

धर्मप्राण, द्विगर्तमणि डोगरा नरेश जिनमें सर्वश्रेष्ठ महाराजा गुलाबसिंह और उनने वंशरक्षक तेजस्वी राजा थे, सूर्य-ग्रहण के समय तौषी के पावन जल में स्नान तथा ध्यान के अनन्तर ब्राह्मण-साधुओं को विपुल दान दिया करते थे ।

(५२)

माङ्गल्यं रुचिरं स्वरूपमधिकं मासाष्टकं वत्सरे
धत्से त्वं सुमनोहरं जनहितं शान्तं शिवं सुन्दरम् ।
रौद्रं किन्तु तवास्ति रूपमपरं वर्षासु पीनं महद्
ध्यातेनैव हि येन केवलमहो सञ्जायते वेपथुः ॥

(52)

Eight months in a year thou put'st on kindly look,
Which is pacific, placid and benign to brook,
Four rainy months, Taushi !, menacing as thou art,
Very thought of it strikes terror in my heart.

(५२)

हे मातः ! आप वर्ष में आठ महीने शान्त, मनोहर, शिवमय तथा जनहितकर रूप धारण करती हैं। परन्तु चौमासे में आपका रूप बहुत विशाल तथा भयंकर हो जाता है, जिसके स्मरण मात्र से ही हृदय काँप उठता है।

(५३)

भूतानां प्रलयङ्करं विदधती सन्त्रासकं प्राणिनां
सर्वत्रैव तटानुवर्तिवसतिष्वातङ्ककाण्डं महत्।
प्रालेयेन बलेन साद्रिखनिजान् वृक्षाँश्च निर्मूलितान्
कर्षन्ती पशुपक्षिणः स्ववपुषि त्वं कालिका लक्ष्यसे ॥

(53)

In Kali form thou art ruthless and rapacious,
Causing death and destruction widely, ungracious,
Uprooting all with titanic monstrous force,
Madly tossing victims on thy billowy horns.

(५३)

प्राणियों के लिये भयङ्कर उग्ररूप में आप तटवर्ती वसतियों में कुहराम मचाती हुई प्रचंड वेग से बड़े-बड़े वृक्षों तथा पशु-पक्षियों को अपने विशाल शरीर में लिये निस्सन्देह विश्व-संहारिणी काली के समान दिखाई देती हैं।

(५४)

घोषान् सन्निहितान् क्षुपांश्च विटपानुन्मूलयंस्तीरजान्
सर्वस्वं रभसा हरन् खलु नृणां कष्टार्जितं दुर्दमः।
कीटांश्चापि सरीसृपान् समहिषान्वन्यांश्च जन्तून्बहून्
कर्षन्याति महारवेण निनदंस्तौष्या हि वेलाप्लवः॥

(54)

Tumbling trees and hamlets, blotting trace of life,
Blasting person and property, making misery rife,
Sparing none, cattle or chattle, in its onward march,
Down rushes thy weird tide gulfing all with crash.

(५४)

हे मातः ! तीरस्थ गांवों, महाविटपों आदि को उखाड़ती, कष्ट से कमाई गृहादि सम्पत्ति को नष्ट-भ्रष्ट करती, पालतू एवं वन्य पशुओं को अपनी लपेट में लिये आपकी प्रलयङ्कर बाढ़ घोर गर्जन से आगे बढ़ती है।

(५५)

भीमा भीमरवेण वै निनदती भीमान्धकारावृते
तामिस्रे नभसि प्रचण्डपवनोच्छ्वासैः श्वसन्ती भृशम् ।
वात्याघातसमुत्थिताशनिरवैः कल्पाट्टहास्योपमैः
संहाराभिनयं ध्रुवं विदधती त्वं कालरात्रिर्नटी ॥

(55)

Under burst of thundering sky, lashed by storm's ire,
Thou rushest on madly like a python vomiting fire,
With deafening peals and blinding lightning flashes,
Thou putst on Kali's garb in night's dark eye-lashes.

(५५)

अमावस्या की भयङ्कर रात्रि के निबिड अंधकार में भीम गर्जन करती, तथा आकाश में आंधी के रूप में प्रचण्ड हुङ्कार भरती, मेघों के संघर्ष से उत्थित प्रचंड गर्जन से प्रलयकाल के हास्य का अभिनय करती आप सचमुच कालरात्रि प्रतीत होती हैं ।

(५६)

नाट्यं रौद्रमिदं जनैर्जनपदे प्रत्यब्दमेवेक्ष्यते
वेलेयं प्लवजातिकर्दमवहा वर्षासु चावर्तते ।
प्रत्यब्दं च पुनर्विनाशविषया वार्ता पुराण्येव सा
हा कष्टं समुपैत्यहो परिचिता संहारिणी प्राणिनाम् ॥

(56)

Year after year people see this terrible drama,
Every year colossal floods return without a comma,
Tragedy of death and destruction repeats again,
Capricious are vagaries of queer Nature Dame.

(५६)

जनपद के लोग इस दारुण नाटक को प्रतिवर्ष देखते हैं। हर वर्षा ऋतु में नदी में भयङ्कर बाढ़ें आती हैं। हर वर्ष ही बाढ़ों के कारण विनाश की चर्चा सुनी जाती है। अहो ! प्रकृति माता के कार्य विचित्र तथा अगम्य हैं।

(५७)

प्रत्यब्दं च जलौघचण्डगतितः कूलंकषेयं पुनः
कर्षन्ती स्वतटं जवेन महता धाराप्रवाहाश्रिता ।
स्थानात्स्थानमतिक्रमन्त्यनियमात् स्वैरंचरेवातिगा
वर्षासूतपथगामिनी प्रवहति प्रायो नवीनेऽध्वनि ॥

(57)

Every year recurs ghastly drama of her pranks,
Swollen waters of Taushi swallow flanking banks,
And cut new channels in the broad sprawling bed,
Floods make a river shifty and a source of dread.

(५७)

हे मातः ! आप हर वर्षा में प्रचंड वेग से वारंवार अपने तटों को उखाड़ती हुई उच्छृङ्खल रूप से स्थान से स्थानान्तर स्वच्छन्द विचरण करती हैं और प्रतिवर्ष अपने प्रसार के लिये नये मार्ग बना लेती हैं ।

(५८)

एवं प्रावृषि भीषणा नवनवं मार्गं खनन्ती स्वकम्
मर्यादामवधीर्य पूर्वविहितामुन्मत्तचेष्टामिव ।
क्रोशायाममिते विशालवपुषि भ्रान्तेव लक्ष्यच्युता
धारां स्वां परिवर्त्य यासि बहुधा चित्रा त्वदीया गतिः ॥

(58)

In her wild frenzy Taushi without limit flows,
Scoops out new channels, striking stunning blows,
Meanders at random over two-mile broad ravine,
Fickle and inconstant her way in life has been.

(५८)

इस प्रकार वर्षाओं में प्रवाहवेग से नवीन मार्गों का खनन करके अपनी मर्यादा का उल्लङ्घन करती हैं और दो मील चौड़े अपने पात्र में लक्ष्यभ्रष्ट की तरह घूमती हुई उन्मत्त के समान व्यवहार करती हैं ।

(५६)

अश्रौषं निजशैशवे जनमुखात्तौषीं कदाचित्पुरा
पूर्णा तोयवहाऽवहद् वरगिरेर्बाहोरधस्तात्कचित् ।
दूरत्वाच्च तदा न जम्बुनगरागाराश्रिता मानवाः
कर्तुं हि प्रभवो महर्षिविहिताः स्नानादिका वै क्रियाः ।

(59)

When boy I used to hear from the elderly folk,
That Taushi once flowed below the Bahu Fort,
Far away from town and having no approaches,
Few availed of its boon for bath and other uses.

(५६)

बालकपन में मैंने वृद्ध जनों के मुख से सुना था कि आप कभी पूर्ण प्रवाह से 'बाहु' दुर्ग के नीचे बहती थीं। उस समय दूरी के कारण जम्बू के लोग स्नान-पान के लिये आप तक जाने में कष्ट अनुभव करते थे।

(६०)

जम्बूपीठगिरेरधः प्रतिपदं तौष्यास्तटे पश्चिमे
ध्वंसाः कूपगृहादिवास्तुशकलानां स्मारयन्ति ध्रुवम् ।
यत्पूर्वं सरितः प्रतीच्यपुलिनेऽप्यासीत्पुरी विस्तृता
सातङ्काद्धि नदीप्लवस्य विजना कालान्तरे चाभवत् ॥

(60)

Below western hill whereon Jammu city stands,
Lie buried in riverine bed ruins of old brands,
Reminding that city once extended to river-bank,
But swept by inundations into oblivion it sank.

(६०)

जम्बू की पहाड़ी के नीचे तौषी के पश्चिमी तट पर विद्यमान घर, कुएँ आदि वास्तुओं के ध्वंस स्मरण कराते हैं कि कभी इस स्थान पर भी बस्ती थी जो कालान्तर में बाढ़ों के कारण नष्ट-भ्रष्ट हो गयी ।

(६१)

ईसाविंशशताब्दिकासमुदये बालो यदाहं तदा
तौषी पूर्णपयःप्रवाहमहिमाऽधस्ताद्गिरेः प्रावहत् ।
तस्या दिव्यगुणैः प्रभावितमनास्तद्दर्शनोत्कण्ठितः
स्नानामोदकृते समं सहचरैर्भेजेऽन्वहं तत्तटम् ॥

(61)

At dawn of 20th century in my boyhood days,
Taushi flowed below Jammu as it does to-day,
Drawn by the magic of her ravishing charms,
I used to visit her daily for my morning norms.

(६१)

हे मातः ! ई० २० वीं सदी के आरम्भ में जब मैं बालक था तो आप जम्बू के ठीक नीचे बहती थीं। आपके दिव्य गुणों से प्रभावित होकर मैं उत्कण्ठा से अपने साथियों के साथ स्नान तथा विनोद के लिये प्रतिदिन आपके तट का आश्रय लेता था।

(६२)

उल्लङ्घ्यापि निदेशनं गुरुजनस्याज्ञामुपेक्ष्यापि च
त्यक्ताशेषविशेषलौकिककथः संसारकार्यास्पृहः ।
चिन्तातीतमना गृहीत इव ते ग्राहेण रागात्मना
तौषि त्वच्चरणारविन्दशरणं भेजेऽसकृत्प्रत्यहम् ॥

(62)

Sometime even incurring odium of my elders,
And oblivious of urgent tasks of the hour,
Carefree like bird, driven by the inner urge,
I daily visited Taushi to ride rolling surge.

(६२)

हे मातः ! कभी-कभी गुरुजनों की आज्ञा की अवहेलना कर, संसार के अन्य कार्यों को त्याग, निश्चिन्त मन से, आपके प्रणय-सूत्र से बंधा हुआ मैं आपके चरणों की शरण में दिव्य सुख अनुभव करता था।

(६३)

तत्र त्वद्विशदे पुनीतपुलिनेऽनुष्ठाय नानाविधाः
क्रीडाः स्वास्थ्यविधायिकाः कतिपया बालोचिता लीलया।
तैलाभ्यङ्गशरीरमर्दनबलप्रख्यापनाद्याः क्रियाः
सर्वा विस्तरशः समाप्य सुचिरं चक्रेऽवगाहं त्वयि ॥

(63)

Performing physical feats on her sandy banks,
In company of my mates, all the boyish pranks,
Like wrestling, racing and many a muscular fad,
We enjoyed refreshing plunge long in her lap.

(६३)

हे अम्बे ! आपके पुनीत पुलिन में तैलाभ्यंग, व्यायाम, बल-प्रदर्शन आदि विविध स्वास्थ्य-विधायक, बाल-सुलभ क्रीडाएं करके अपने साथियों के संग चिरकाल तक आपकी विमल धारा में अवगाहन करता था।

(६४)

अद्यापि स्मृतिमापतन्ति दिवसास्ते कालगर्भं गताः
कैशोरे वयसि स्थितोऽहमगमं बाह्यप्रदेशे यदा।
आरम्यन्नद्रयवनीं हि रामनगरस्यान्ते वनालीवृता-
मद्राक्षं नयनाभिराममतुलं दृश्यं विहङ्गेक्षया ॥

(64)

I recall good old days lost in womb of time,
When walking on Ramnagar Hill for a pastime,
Roaming at large in recesses of the forest,
I went into ecstasy riding on a vision's crest.

(६४)

कालगर्भ में लीन बालकपन के वे दिन आज भी मुझे याद आते हैं जब किशोर अवस्था में मैं जम्बू के बाहर रामनगर में पर्यटन के लिये जाता था और वहाँ वनस्थली में विहङ्गम-दृष्टि से दिव्य दृश्य का अनुभव करता था।

(६५)

अस्याद्रेर्जंघनस्थितो हि मनुजो दृष्टिं प्रसार्याग्रतो
दूरे पश्यति पर्वतैः परिवृतं व्याप्तं महागह्वरम् ।
गर्भे यस्य तरङ्गिणी तनुगतिस्तौषी सुधास्यन्दिनी
धाराभी रजतोज्ज्वलाभिरभितः स्वैरं परिस्पन्दते ॥

(65)

From the eastern slope of the Ramnagar Hill,
Gazing yonder on the maze of hill and dale,
I saw extending below in front a yawning chasm,
And Taushi shining like a ribbon on its bosom.

(६५)

इस पहाड़ी पर से उत्तर की ओर दृष्टि दौड़ाने से मनुष्य अपने सामने पर्वतों से घिरे हुए एक गहरे गह्वर को देखता है, जिसके बीच अपनी उज्ज्वल जलधारा से चारों ओर अमृत बरसाती तौषी मन्द गति से बहती है ।

(६६)

आसीदुत्तरतश्च रामनगरस्यैका नगाधित्यका
यत्राहं नवयौवनोऽनवरतं व्यायामसक्तोऽभवम् ।
तत्रासन् शिखरे नगस्य बहवः शैलोपलाः सञ्चिता
येषां क्षेपणधारणोर्ध्वनयने दक्षोहमासं तदा ॥

(66)

North of Ramnagar Hill stood a lonely knoll,
On whose level top lay stones for one's toil,
I used to visit this spot in my early years,
For doing exercise with stones piled there.

(६६)

रामनगर के उत्तर में एक ऊंचा स्थान था जहां नव-यौवन में मैं व्यायाम किया करता था। इस स्थान पर मैंने बहुत-से गोल-गोल पत्थर इकट्ठे किये थे जिनके साथ मैं नाना प्रकार की क्रीडाएं करता था।

(६७)

आसीत्तेषु दिनेषु रामनगरस्याधो नितम्बाश्रित-
स्त्वद्रेः पूर्वकटावधश्च भवनस्याध्वा भृशं निर्जनः।
एकान्तैषिविहारभूरनुपमा शाखामृगैः सेवितो
नानापक्षिमृगस्वनैर्मुखरितो झङ्कारितः षट्पदैः॥

(67)

There was then encircling the Ramnagar Hill,
Some hundred feet below highest rocky bill,
A lonely path with playful apes and other life,
Ideal spot for solitude free from all strife.

(६७)

उन दिनों 'रामनगर' महल के थोड़ा नीचे पूर्व की ओर पहाड़ी के साथ साथ एक सड़क बनी थी। निर्जन होने के कारण यह सड़क एकान्त-प्रेमियों के भ्रमण के लिये बहुत उत्तम थी। यह शाखामृगों तथा मोरों और वन-कुक्कुटों का विहारस्थल था।

(६६)

आसीदुत्तरतश्च रामनगरस्यैका नगाधित्यका
यत्राहं नवयौवनोऽनवरतं व्यायामसक्तोऽभवम् ।
तत्रासन् शिखरे नगस्य बहवः शैलोपलाः सञ्चिता
येषां क्षेपणधारणोर्ध्वनयने दक्षोहमासं तदा ॥

(66)

North of Ramnagar Hill stood a lonely knoll,
On whose level top lay stones for one's toil,
I used to visit this spot in my early years,
For doing exercise with stones piled there.

(६६)

रामनगर के उत्तर में एक ऊंचा स्थान था जहां नव-यौवन में मैं व्यायाम किया करता था। इस स्थान पर मैंने बहुत-से गोल-गोल पत्थर इकट्ठे किये थे जिनके साथ मैं नाना प्रकार की क्रीडाएं करता था।

(६७)

आसीत्तेषु दिनेषु रामनगरस्याधो नितम्बाश्रित-
स्त्वद्रेः पूर्वकटावधश्च भवनस्याध्वा भृशं निर्जनः।
एकान्तैषिविहारभूरनुपमा शाखामृगैः सेवितो
नानापक्षिमृगस्वनैर्मुखरितो झङ्कारितः षट्पदैः॥

(67)

There was then encircling the Ramnagar Hill,
Some hundred feet below highest rocky bill,
A lonely path with playful apes and other life,
Ideal spot for solitude free from all strife.

(६७)

उन दिनों 'रामनगर' महल के थोड़ा नीचे पूर्व की ओर पहाड़ी के साथ साथ एक सड़क बनी थी। निर्जन होने के कारण यह सड़क एकान्त-प्रेमियों के भ्रमण के लिये बहुत उत्तम थी। यह शाखामृगों तथा मोरों और वन-कुकुटों का विहारस्थल था।

(६८)

अत्राहं विजने ह्यटन् कलरवाल्लोकस्य दूरं गतो
लीनो भूधरकोटरे क्वचिदलं मग्नो विचारार्णवे ।
दर्शं दर्शमलौकिकां भगवतो लीलां विराजः पुरो
ह्याब्रह्माण्डतृणान्तविश्वजननीं तल्लीनचित्तोऽभवम् ॥

(68)

As lover of solitude I oft took refuge there,
Ensconced in a shelter, lost myself in reverie,
In the picture Nature unfolded on my vision,
I felt Cosmic Soul (Brahma) pervading all aeon.

(६८)

नगर के कलरव से किनारा कर कभी कभी मैं इस सड़क पर घूमने चला जाता था। वहां कहीं एकान्त स्थान में आसन जमा अपने सामने भगवान् की विश्वजननी विराट् लीला को देखकर आनन्द से पुलकित हो जाया करता था।

(६९)

यस्याणोरपि निर्विशेषवपुषि स्फीता नगानां घटा
यस्यागाधमहोदरे सुनिहिता ब्रह्माण्डपिण्डायुताः ।
यत्सङ्कल्पवशा नटीव नियतिस्त्रैगुण्यमायापटे
विश्वं व्यञ्जयति प्रपञ्चमखिलं तस्यैव विस्फूर्जितम् ॥

(69)

That subtle Brahma wherein mountain ranges merge,
In whose unknown vacuum countless cosmos surge,
By the magic of whose will, Nature as its Chhāyā,
Weaves out from nothing mighty phantom of the Māyā.

(६९)

सूक्ष्मातिसूक्ष्म जिस परब्रह्म के गर्भ में पर्वतों की अनेक घटायें व्याप्त हैं, जिसके अगाध उदर में अनन्त ब्रह्माण्ड लटक रहे हैं । जिसके संकल्पमात्र से माया नटी की तरह अभिनय करती हुई सृष्टि के प्रपंच का विस्तार करती है ।

(७०)

पन्था यद्यपि विद्यते गिरिकटावद्यापि तत्रैव सः
राजाज्ञामवधीर्य तत्र मनुजो गन्तुं न शक्तः परम् ।
तौषीतीरगतो यदाहमधुना पश्यामि मार्गं मुदा
सद्यः शैशवकालिकं विहरणं स्मृत्यामुदेति स्वतः ॥

(70)

Lonely path still exists down the Ramnagar Hill,
Being not open to public in bad decay it fell,
From river's bed when I view it with delight,
Memories of early age tickle me at its sight.

(७०)

अद्यपि आज भी टूटी फूटी दशा में वह सड़क वहीं विद्यमान है। परन्तु राजाज्ञा से अब वहां जाना निषिद्ध है। तौषी के तट पर से जब कभी मैं दूर से इस मार्ग को देखता हूं तो मुझे अपने बचपन की अनेक घटनाएं स्मरण हो उठती हैं।

(७१)

चित्रं त्रैककुदस्त्रिकूटनगराड् द्वैगर्त-चूडामणि-
र्देशस्योत्तरसीम्नि गौरवबलाद्दुर्दान्तमूर्ध्ना स्थितः ।
आत्मोच्छ्रायगुणेन पर्वतगणान् पार्श्वस्थितान् लज्जयन्
व्यक्तं वै प्रहरीव डुग्गरभुवः सन्नद्ध आलक्ष्यते ॥

(71)

Grandly rises triple-peaked Trikuta mount,
Crowning Dogra Land on its northern bound,
Beating smaller peaks by mass and sheer height,
It stands out boldly like a guardian knight.

(७१)

द्विगर्त की उत्तरी सीमा पर गर्व से अपना मस्तक उठाए देश के ललामभूत त्रिकूटाचल के दर्शन से कितना आनन्द प्राप्त होता है। अपनी विशालता से पास के पर्वतों को लज्जित करता यह नगराज डुग्गर देश के प्रहरी की तरह सदा सजग खड़ा है।

(७२)

हन्त त्रैककुदाचलायुषि पुरा वृत्ता विचित्राः कथाः
सङ्ख्यातीतविपर्ययाः प्रकृतिजा भौगोलिका विक्रियाः।
अस्याङ्के प्रकृतिः ससर्ज विविधा नैसर्गिका वै कृतीः
शैलाद्रीन् कुनदीर्नदीश्च विपुलाः सोपत्यकाधित्यकाः ॥

(72)

It saw in its career Nature's stunning wonders,
Countless physical changes, awful siesmic thunders,
Earth's gigantic convulsions, birth of running rivers,
Of plains, plateaus, hills and limpid lakes diverse.

(७२)

अहा ! इस त्रिकूटाचल के इतिहास में कितनी विचित्र कथाएं छिपी हैं। इसके सामने प्रकृति में कितने भौगोलिक परिवर्तन हुए, तथा इसकी गोद में से कितनी नदियों, उपत्यकाओं व अधित्यकाओं का जन्म हुआ।

(७३)

एते प्राकृतपर्यया अगणिताः सृष्टेः क्रमोन्मेषणं
तौषीजन्म गिरेर्विशालवपुषो वीरुद्द्रुमाद्युद्गमः।
अन्याश्चापि युगान्तरीणघटना जाताः समक्षेऽस्य वै
शैलेन्द्रोयमशेषपूर्वघटनाचक्रस्य साक्षी ध्रुवम् ॥

(73)

Steady physical changes and life's rhythmic flow,
Birth of Taushi from mounts, nascent plants grow,
Numerous other crises passed under thy very gaze,
O Trikuta ! thou art witness to life's movie maze.

(७३)

सृष्टि का क्रमिक विकास, हिमालय के विशाल शरीर से तौषी का जन्म, वनस्पतियों का आविर्भाव, युगयुगान्तरों में विविध परिवर्तन आदि असंख्य घटनाओं का यह नगराज साक्षी है।

(७४)

राष्ट्राणामुदयस्तथा च पतनं राज्ञां मिथो योधनं
क्रान्तिश्चापि जनेषु जातिषु महद्द्वेषानलोद्दीपनम् ।
नानादुःखकथाः महोत्सवकथा हासो विलासो नृणां
सर्वं साक्षिसमं त्रिकूटगिरिणा दृष्टं परं नाटकम् ॥

(74)

Rise and fall of kingdoms, bloody wars and factions,
Ethnic upheavals, and mutual hatred of the nations,
Memories of woes and weals, of pains and pleasures,
Lie buried in thy bosom like precious treasures.

(७४)

राष्ट्रों का उत्थान और पतन, राजाओं में परस्पर संग्राम, जन-समाज में क्रान्ति, जातियों में द्वेषानल का भड़कना, बड़े-बड़े उत्सवों तथा जातीय संकटों की घटनाएं त्रिकूटाचल की देख-रेख में सम्पन्न हुईं ।

(७५)

स्तुत्वा ते जनकोपमं नगवरं संवर्ण्य तद्वैभवम्
भूयस्त्वच्छरणागतः सविनयं काङ्क्षे वरं केवलम् ।
यावज्जीवनमेव भृङ्गवदिदं चेतो वराकं मम
त्वत्तीरावनिपादपद्मनिलयानन्दे विलीनं भवेत् ॥

(75)

After paying tribute to Trikuta and its traits,
I return to Taushi for cozy shelter straight,
May my puny mind like the active honey-bee,
Find eternal rest in nectar of thy lotus feet.

(७५)

हे मातः तौषि ! आपके जन्मदाता नगराज त्रिकूटाचल की महिमा का वर्णन कर पुनः मैं आपकी शरण में आकर यही वर मांगता हूं कि मेरा दीन चित्त आजन्म आपके चरणारविंद में भ्रमर की तरह आनन्द से लीन रहे ।

(७६)

देवि त्वत्स्तननिःसृतामितसुधानिःष्यन्दपानाद्ध्रुवम्
पुष्टाया महनीयडुग्गरभुवश्चान्धःकणैर्निर्मिता ।
दीनेयं खलु मानुषी मम तनूर्यात्रां समाप्यैहिकीम्
अन्ते त्वत्पदपङ्कजाप्तसुगतिर्निर्वाणमत्राप्नुयात् ॥

(76)

May my frail physical frame, fed and well nourished,
By elements of the land thou hast richly blessed,
At end of my brief sojourn in this world's dross,
Find eternal rest in thy lap whence it once arose.

(७६)

हे देवि ! आपके स्तन से क्षरित अमृत द्रव के पान से हृष्ट पुष्ट डुग्गर की भूमि के अन्नकणों से बना मेरा मानुष शरीर संसार की यात्रा समाप्त कर आपके तट पर ही निर्वाण प्राप्त करे, यही मेरी हार्दिक अभिलाषा है ।

(७७)

शक्यं वर्णयितुं कदापि विशदं नैवास्ति सत्यं ब्रुवे
यादृग्डुग्गरवासिनां त्वयि बभूवाम्बाऽनुरागोऽव्ययः ।
त्वं देशस्य सिरेव देशधमनीवासि त्वमाह्लादिनी
शक्यं न श्वसितुं भवेत् क्षणमहो जीवैर्भवद्वर्जितैः ॥

(77)

Countless are thy bounties and heavy is our debt,
Words do we lack to give our gratitude worthy outlet,
Thou art vital artery of the sacred Dogra Land,
Bringer of joys, life minus thee will be very blank.

(७७)

हे मातः ! विस्तार से यह वर्णन करना कठिन है कि डुग्गर के निवासियों की आप में कैसी अटल श्रद्धा है । आप इस देश की रक्तवाहिनी धमनी की तरह हैं। आपके विना जीवों के लिये एक क्षण भर भी प्राणधारण करना कठिन है ।

(७८)

पानस्नानकृते तथा च कृषये धान्येन्धनावाप्तये
योगध्यानतपोजपादि दिविजाः प्राप्तुं महासम्पदः ।
धर्माचारसुवृत्तिसात्त्विकगुणानन्यांश्च चेतुं वरान्
लोका दुर्गरवासिनस्तव तटीं पुण्यां भजन्तेऽन्वहम् ॥

(78)

For drink, bath and crops and life's many wants,
For winning spiritual merits and divine grants,
For fostering good morals and other mental lifts,
Dogras have for ever solely lived on thy gifts.

(७८)

स्नान, पान, खेती, धान्य तथा ईंधन के लिये, एवं जप, तप, ध्यान आदि सिद्धियों की सम्पत्ति या धर्म, आचार, चरित्र आदि सात्त्विक वृत्तियों के संग्रह के लिये दुर्गरवासी सदा आपके पावन तट का आश्रय लेते चले आए हैं।

(७६)

द्वैगर्तावनिशासका नृपतयः कालादतीतात् स्मृते-
स्त्वाऽमन्यन्त हि दुर्गरादिजननीं भागीरथीं वापराम् ।
तथ्यस्यास्य निदर्शनं सुविदितं यत्त्वत्तटाङ्कैषिणो
निर्माणं सुखमादिशन् स्वभवनानां त्वद्भुवः सन्निधौ ॥

(79)

For ages Dogra rulers have highly honoured thee,
As sustainer of all life, like celestial Jahnavi,
This truth is borne out by the obvious fact,
That they built palaces in thy close contact.

(७६)

आदि काल से डुग्गर के शासक नरेश आपको दुर्गर-जननी, दूसरी भागीरथी मानते चले आए हैं। इसका उदाहरण स्पष्टरूप से इस बात से मिलता है कि उन्होंने अपने भवनों का निर्माण आप के तट पर किया।

(८०)

विक्रान्ताः स्वभुजार्जितातुलयशोभाराः परं धार्मिका
दान्ताः शान्तिधनाः प्रजाहितरतास्ते दानशौण्डा नृपाः।
उन्नीयात्मगुणैर्द्विगर्तमधिकं विस्तीर्य कीर्तिं भुवि
त्वत्पादाम्बुरुहे वरेम्ब विमले प्रापुर्गतिं चोत्तमाम् ॥

(80)

Valiant Dogra kings won laurels in every field,
Enlightened, progressive and ever ready to shield,
Led their country on highroads to advancement,
Finally merged in Para-Brahma on thy holy bank.

(८०)

अपने पराक्रम से अनन्त यश के भागी, शम-दम-सम्पन्न, प्रजा-वत्सल, दानी, परम धार्मिक डोगरानरेश द्विगर्त की कीर्ति-पताका को विश्व में फहराकर आपके विमल चरण-कमल में उत्तम गति को प्राप्त हुए।

(८१)

अद्यापि प्रथयन्ति ते गुणगणं प्रीतिं च तेषां त्वयि
त्वत्तीरान्तिकसंहताः सुरचिताः राज्ञां समाधिस्तवाः ।
योगिद्वार इति श्रुते पितृवने कापालिकाऽधिष्ठिते
स्निग्धश्यामलभूरुहैरुपचिते याम्यां हि जम्बूपुरात् ॥

(81)

Samādhis of Dogra Ranis built on thy holy bank,
In Jogidvar cemetery held by Saiva mendicants,
Nestled among green foliage, lying south of Jammu,
Keep alive their filial love ever for the Taushi.

(८१)

आपके तट पर बने हुए डोगरा रानियों के समाधि-मंदिर सिद्ध करते हैं कि डोगरा-नरेशों की आपमें कितनी अपार श्रद्धा थी। ये समाधियां नगर के दक्षिण में 'जोगी-दरवाज़ा' नाम पितृवन में बनी हैं।

(८२)

आसीद्दुर्गरमण्डलाम्बरमणिः कारुण्यरत्नाकरः
सौन्दर्येऽप्रतिमः गुणैरनुपमो राष्ट्रप्रजावत्सलः ।
दाने कर्णसमः स्वदेशमहिमस्फीत्यै सयत्नः सदा
धन्यः श्रीहरिसिंहवीरनृपतिर्भूपालचूडामणिः ॥

(82)

Blessed be illustrious Maharaja Sri Hari Singh,
Jewel among kings, bright star of Dogra firmament,
Compassionate, virtuous and peerless in beauty,
Champion of the Dogra cause, and Karna in charity.

(८२)

गुण-सम्पन्न, प्रजावत्सल, करुणामय, दान में कर्ण, देशके अभ्युदय में सदा तत्पर, सौन्दर्य में अद्वितीय, नामधन्य, राजाओं में वरिष्ठ महाराजा श्री हरिसिंह डुग्गर-अन्तरिक्ष के ज्वलन्त नक्षत्र हुए हैं ।

(८३)

यो भूयो निजजन्मभूमिममलामार्तां निरीक्ष्यातुराम्
पाकिस्तानविभाजने परकृतां पीडां च तस्याः पराम्।
सन्नद्धः स्वशरीरपातनपणेनाप्युद्दिधीर्षुर्हि तां
धूर्तैर्मत्सरिभिस्तिरोहितगतिर्नात्माभिमानं जहौ ॥

(83)

Unable to stand suffering of his dear subjects,
When Pakistan hurled aggression against State,
Tried to stem the tide staking his very life,
But foes foiled his plans and made anarchy rife.

(८३)

पाकिस्तान के बनने पर अपनी अमल मातृभूमि को आतुर देख, तथा शत्रुओं के द्वारा घटित उसके संकट से दुःखी होकर अपने प्राणों के बलिदान से भी उसकी रक्षा करने के लिये उद्यत महाराजा के मार्ग में षड्यंत्र-कारियों ने विघ्न डाले ।

(८४)

आर्तां द्रष्टुमशक्त आत्मजननीं तद्रक्षणे चाक्षमः
किंकर्तव्यविमोहितो व्यथितहृत्सोऽयं मनस्वी नृपः ।
त्यक्त्वा जन्मभुवं प्रवासितसमः दोदूयमानो भृशं
मुम्बय्यां बहुवर्षवासविरतस्तत्रैव चासून् जहौ ॥

(84)

Seeing State in woeful plight and finding no remedy,
Confounded and confused, unable to bear tragedy,
Fired with patriotism and spurred by self-respect,
Was forced to leave homeland by the schemers abject.

(८४)

मातृभूमि को दुःखी देखने में असमर्थ, तथा उसकी रक्षा करने में भी अशक्त, व्यथित-हृदय एवं किं-कर्तव्य-विमूढ स्वात्माभिमानी नरेश प्रवासी के समान बहुत वर्ष बम्बई में रहे और वहीं स्वर्ग सिधारे ।

(८५)

आसन्नोमरणं निजान् परिचरान् व्यक्तं चकारात्मनः
प्रच्छन्नां हृदयान्तरालपटले भक्तिं परां मातरि।
क्षेप्यं भस्म ममाग्निदग्धवपुषस्तौष्याः प्रवाहेऽमले
इत्यादिश्य जनान् सुतप्तहृदयान् शान्तो द्युलोकं ययौ॥

(85)

He lived many years away from home as exile,
And on death-bed vented pent-up fire filial,
Scatter ashes of my body in the mother Taushi,
So saying he closed his eyes for the lokas high.

(८५)

मरण के समय महाराजा ने अपने परिचरों को बुलाकर जननीरूप जन्मभूमि के प्रति अपनी अटूट भक्ति को व्यक्त किया, और आदेश दिया कि मृत्यु के अनन्तर मेरे शरीर की भस्म को जम्बू तथा तौषी पर बखेरा जाए। इतना कह आपने सदा के लिये आंखें मूंद लीं।

(८६)

पुण्यं भस्म शरीरजं नरमणेराकाशयानेन य-
चानीतं सतवारिनामशिविरे तत्स्वागतार्थं तदा।
वेला तत्र जनोदधेः समुदिता शोकोर्मिघोषान्विता
तौष्यां चापि ववर्ष भस्म नभसो मार्गेण यानं महत्॥

(86)

Assembled at Satwari to receive royal relics,
His loyal subjects looked a sea of weeping maniacs,
Vast concourse of citizens saw a flying plane,
Shower royal relics over Taushi and hill-terrain.

(८६)

दाह के अनन्तर जब उनके शरीर की भस्म वायुयान से जम्बू लाई गई तो सतवारी के हवाई अड्डे पर शोकमग्न लाखों नर-नारियों के उमड़ते समुद्र ने इसका स्वागत किया। अनन्तर वायुयान के द्वारा इसे जम्बू पर बखेरा गया।

(८७)

मातस्तौषि नमोऽस्तु ते भगवति स्वर्गापवर्गास्पदे
त्वं सौम्ये हिमवत्सुता त्वमपि च द्वैगर्तमंदाकिनी ।
सौभाग्याद्वरदे द्विगर्तजनुषां सन्तारणार्थं भवान्-
मर्त्यं लोकमवातरद्धि भवती नास्त्यत्र शङ्कालवः ॥

(87)

Taushi !, grantor of Svarga-Apavarga, I bow to thee,
Thou child of Himalayas, replica of celestial tree,
Happily for salvation of the sacred Dogra Land,
Thou hast come again to this terrestrial plane.

(८७)

स्वर्ग तथा अपवर्ग की देने वाली हे मातः तौषि ! मैं आपको वन्दना करता हूं । हे शैलनन्दिनि ! जननि ! आप द्विगर्त-मन्दाकिनी हैं और सौभाग्य से द्विगर्त के सन्तारणार्थ मर्त्यलोक में अवतीर्ण हुई हैं । इसमें सन्देह नहीं ।

(८८)

त्वं देवि द्युमणेः सुता हरजटाभाराद्धरायां च्युता
किं वा विष्णुपदीद्रवः सुरसरिद्धारावतीर्णा स्वयम् ।
मायासृष्टभवाटवीकटुफलास्वादेन खिन्नात्मनां
दीनानां भवदुःखदावशमनं यात्यन्तिकं वै व्यधात् ॥

(88)

Divine daughter of the sun, born of Siva's crown,
Or albeit fluid of Vishnu's feet, as well known,
For those fed up with world's material glamour,
Thou art coveted panacea for which they clamour.

(८८)

हे भगवति ! आप महादेव की जटा से क्षरित सूर्यपुत्री हैं अथवा विष्णुपद से द्रवित गंगा की धारा हैं। भवाटवी के कटुफल से खिन्न-हृदय जनों के दुःखदावानल को शान्त करने के लिए ही आप का अवतरण हुआ है !

(८९)

हित्वाशेषभवैषणां विषमयां तृष्णां च कामोद्भवां
धृत्यापास्य गवेषणां धनसुहृन्मानार्थगोवाजिनाम् ।
ध्यानैकाग्रमना विहाय निखिलां चिन्तां च सांसारिकीम्
आचम्यासनसंस्थितस्तव तटे सन्ध्यामुपासे कदा ॥

(89)

Bidding goodbye to worldly passions and power,
And giving up quest for wealth, fame and honour,
Shutting out thoughts of world's hollow glamour,
Let me get absorbed in Brahma by thy kindly favour.

(८९)

विषमय संसार की समस्त लालसा, कामवासना तथा धन, मान, सम्पत्ति आदि सांसारिक बातों की चिन्ता को छोड़, आपके तट पर स्नान, आचमन के अनन्तर ध्यान-मग्न मैं कब सन्ध्योपासना में लीन होऊँगा ।

(९०)

ये ते पुण्यतटं जुषन्त्यहरहः स्नानावगाहेप्सवः
प्रातः पर्यटनं चरन्ति नियमात्कूलोपकण्ठं श्रिताः ।
तेऽपि श्रेय इहाप्नुवन्त्यतितरां का नाम तेषां कथा
ये स्नात्वा समुपासते प्रतिदिनं सन्ध्यां सुदीर्घां नराः ॥

(90)

Those who resort to thee for daily bath,
Or take morning stroll along thy stony path,
Even they get benefit and acquire lot of merit,
What of those who do Yoga and virtues thus inherit.

(९०)

स्नान तथा अवगाहन के लिये जो नित्य आपके तट का आश्रय लेते हैं, और जो प्रातःकाल नियमपूर्वक वहाँ वायु सेवन करते हैं उनका भी कल्याण होता है, तो फिर उनका तो कहना ही क्या जो प्रतिदिन आपके तट पर स्नान और सन्ध्या करते हैं।

(९१)

मन्ये त्वत्पदसङ्गताः सुकृतिनो निर्धूतशोकामया
जायन्ते धुतकल्मषा जितजराकालाश्च वर्चस्विनः ।
शान्ता दान्तहृदो मनस्विककुदः मेधाविनो भास्वरा
आत्मारामरताः प्रपञ्चविरताः कारुण्यपूर्णाशयाः ॥

(91)

Thy feet are panacea for all pain, grief and sigh,
They wash all sins, death and decay they do defy,
Devotion to thee brings peace, wisdom and content,
Those coming in thy contact are saints by bent.

(९१)

वे पुण्यात्मा जो आपके चरणों की शरण लेते हैं निस्सन्देह रोग, शोक, जरा, मृत्यु आदि संकटों को तर जाते हैं। तेजस्वी शान्त हृदय वाले ऐसे महात्मा आत्माराम, संसार से वीतराग तथा मैत्रीपूर्ण होते हैं।

(९२)

मातस्तौषि विपन्नकल्पलतिके द्वैगर्तगङ्गे वरे
त्वं दातुं यदपि स्वभक्तमनुजान् नानावरान्प्रस्तुता ।
हन्तामी तदपीह भक्तिविमुखा अज्ञानिनो मानवाः
सेवन्ते न तवाङ्घ्रिपङ्कजमहो मातः कलेरन्तकम् ॥

(92)

Thou art celestial creeper *(Kalpa-lata)* for the needy,
To dispense boons to thy votaries ever ready,
Though aware of thy wondrous healing powers,
Cynics belittle thee and miss thy bounteous showers.

(९२)

शरणागतों की कल्पलता-रूप, द्विगर्तगङ्गे हे मातः तौषि ! यद्यपि आप अपने भक्तजनों को नानाविध वरदान देने को सदा उद्यत हैं, फिर भी भक्ति-विमुख अज्ञानी लोग पापनाशक आपके तट का आश्रय नहीं लेते ।

(९३)

धन्या दुर्गरमातरश्च महिला जम्बूपुरीवासिनां
देव्यो भक्तिधुताशयाः सुविमलादर्शा दयामूर्तयः ।
ब्राह्मेऽनेहसि चोत्थिता निरलसा दीपप्रकाशेन याः
स्नातुं यान्ति नदीतटं प्रतिदिनं देवार्चनोत्कण्ठया ॥

(93)

Humbly I bow to elderly ladies of Jammu city,
Kindly mothers and sisters of spotless chastity,
Rising early in *Brahma-Muhurta,* long before dawn,
Who take morning dip in Taushi led by lantern van.

(९३)

जम्बूपुरी के निवासियों की सरल-स्वभाव, दयामूर्ति वे पूज्य माताएं व महिलाएं धन्य हैं जो प्रतिदिन ब्राह्म-मुहूर्त में उठकर दीप-के प्रकाश में स्नान तथा देवार्चन के लिये तौषी के तट पर जाती हैं ।

(९४)

मातस्त्वत्पदसन्निधौ निवसतः का नाम बाधा जनान्
भूतप्रेतभवाऽधिदैवजनिता वाध्यात्मिकी दारुणा।
औदासीन्यमतिस्तमोगुणभवा त्वय्यस्ति यार्थैषिणां
तेनान्धा अविवेकिनः प्रतिदिनं ते यातना भुञ्जते ॥

(94)

No harm comes to them who serve thee with delight,
Troubles caused by evil imps vanish at thy sight,
Silly fools belittle thy powers with contempt,
Blinded by fallacies, fall victims to untold cant.

(९४)

हे मातः ! आपके तट के निकट बसने वाले मनुष्यों को आधिभौतिक, आधिदैविक अथवा आध्यात्मिक कोई आधि-व्याधि नहीं हो सकती परन्तु तामसी मनुष्यों की जो आपमें उदासीनता है उससे उन्हें विविध यातनाएं भोगनी पड़ती हैं।

(९५)

मार्गास्त्वत्तटलब्धये त्रिचतुरा जम्बूपुरे सन्ति वै
पक्की धौंथलि शीतलाऽथ गुमटा ढक्कयश्चतुःसंख्यकाः ।
तासां धौंथलिरुत्तरे च गुमटं पुर्या अवाच्यां स्थितं
सर्वाः किन्तु जनैर्मलीनमतिभिर्भ्रष्टीकृता विष्ठया ॥

(95)

To gain access to thy feet from the Jammu side,
Exist stony ramps leading down to water-tide,
Called *Dhakkis-Pakki, Dhaunthali, Shitala* and *Gumat,*
All horribly fouled by persons most stupid.

(९५)

जम्बू से आपके तट पर पहुँचने के लिये चार प्रसिद्ध मार्ग हैं—जिन्हें धौंथली, पक्की ढक्की, शीतला और गुमट नामों से पुकारते हैं। इनमें धौंथली नगर के उत्तरी और गुमट दक्षिणी सिरे पर हैं। अज्ञानी लोगों ने इन मार्गों को मलिन कर दिया है।

(९६)

अन्तर्जम्बुपुरं महामलभरै रुद्ध-प्रणाली-पथं
वीथ्यः कीर्णमलाः किरन्ति परितो विष्ठोत्थगन्धं महत् ।
क्षुत्क्षामाः कृपणा भ्रमन्त्यशरणा गोकुक्कुराणां गणा
हा कष्टं पुरपालिका नियमने सुप्ता प्रमत्ता नु किम् ॥

(96)

Jammu's interior is a picture of insanitation,
Lanes awfully reeking with foul-smelling animation,
Dirty drains choked with stinking loathsome soil,
Ubiquitous stray dogs and kine make one recoil .

(९६)

पवित्र तौषी की तुलना में जम्बू का प्राचीन नगर मलपूर्ण नालियों वाली गलियों के कारण दूषित है । इसमें जगह जगह अनाथ भूखे कुत्ते और बैल इधर उधर घूमते हैं । पता नहीं नगरपालिका सोई है या असावधान ।

(९७)

यद्येतन्नगरं सुशासनवशान्निर्मुक्तदोषं भवे-
ज्जायेतापि च तौषिगाभिसरणिः स्वच्छामला चोज्ज्वला ।
नित्यं स्युर्यदि जाम्बवाः पुरजनास्तौष्याः परं सेवकाः
स्याज्जम्बूनगरं ध्रुवं सुरपुरस्पर्द्धि प्रशस्यं नृणाम् ॥

(97)

If only city-fathers shake off their long slumber,
See city and environs look neat without encumber,
If only its citizens assess Taushi's value well,
Jammu for its ideal site would be worthy to dwell.

(९७)

यदि नगरपालिका का शासन कड़ा हो, नदी को जाने वाले मार्ग स्वच्छ और उजले बन जाएँ, और यदि जम्बू के निवासी स्नानादि के लिये नदी का सदुपयोग करें तो सन्देह नहीं कि जम्बूपुरी इन्द्रपुरी का भ्रम पैदा करे ।

(९८)

उद्गारा जननि त्वदीयमहिमाख्यानप्रसङ्गे मया
व्यक्ता ये कुसुमांजलिं तव पदे तान् विद्धि श्रद्धार्पितम्।
जाता लालितपालिता तव वरोत्सङ्गे च संवर्धिता
शान्ता स्याद्धुतकल्मषा मम तनुर्मातस्त्वदङ्के पुनः ॥

(98)

Humble pourings of my heart offered in thy praise,
Frail and feeble though, are uttered in good faith,
Born, nurtured and brought up in thy lap divine,
May my mortal coil find asylum in thy lap again.

(९८)

हे मातः ! आपकी महिमा के वर्णन-प्रसङ्ग में जो हृदय के उद्गार मैंने व्यक्त किये हैं उन्हें अपने चरणों में अर्पित पुष्पाञ्जलि जानो। मैं प्रार्थना करता हूँ कि आपकी पावन गोद में पला हुआ मेरा यह पांच-भौतिक शरीर अन्त में पापमुक्त पुनः आपकी गोद में समा जाए।

(६६)

मातस्त्वत्स्तनपानपीनवपुषो द्वैगर्तदेशस्य वै
पूतैः पार्थिवसालिलानिलकणैः सृष्टा ममेयं तनूः ।
जीर्णा तीर्णभवा सुशीर्णशमला यात्रां समाप्यैहिकीं
लीना स्यान्निजपाश्वभौतिकगणेष्वत्रैव तीरे तव ॥

(99)

Moulded by precious elements of the sacred soil,
Of Durgara Land that thrives on thy worthy toil,
Let my physical frame, free from sin and taint,
Return to its component parts in thy lap again.

(६६)

हे मातः ! आपके स्तनपान से पुष्ट द्विगर्त देश के कणों से निर्मित मेरी काया, पाप तथा भवदोषों से मुक्त होकर, मर्त्यलोक की यात्रा समाप्त कर आपके तट पर पुनः अपने आरम्भक पंचभूतों में समा जाए ।

(१००)

मातस्त्वं भवसागरस्य तरणिस्त्वं जह्नुकन्यापरा
दूर्गर्तावनितारणार्थमथवा भूयोऽवतीर्णा भुवि ।
भूतागामिविधीयमानघटना या या धरायास्तले
तासां साक्षिसमा प्रधावसि सदा त्वं कालसिन्धुं प्रति ॥

(100)

Safest boat to cross Ocean of Birth and Death,
Durgara Jahnavi come to instil vital breath,
Evolution of life and man's march to progress,
As witness to it all thou racest to the fathomless.

(१००)

हे मातः ! आप भवसागर पार करने की नाव हैं। इस भूमि के तारने के लिये मानो आप दूसरी जाह्नवी के रूप में प्रकट हुई हैं। त्रिकाल में होने वाली सब घटनाओं को साक्षी के समान देखती हुई आप प्रबल वेग से कालसिन्धु की ओर यात्रा कर रही हैं।

(१०१)

तीव्रेयं मम वेदना भगवति त्वत्पादसेवारतेः
प्रक्षीणाखिलकल्मषस्य विमलस्वान्तस्तलस्यापि मे ।
वारंवारमथो पुनः पुनरपि त्वद्दर्शनं कुर्वतो
जायेताप्यपुनर्भवा स्थितिरहो त्वद्दर्शनादम्बिके ॥

(101)

Fiercely burns in my heart flame of thy devotion,
How ardently do I wish toenjoy again with emotion,
Thy ennobling *Darsana* with depth of child's faith,
Pining to see end of the Cycle of Birth and Death .

(१०१)

हे भगवति ! मेरी प्रबल अभिलाषा है कि बारंबार आपके दर्शन से क्षीणपाप तथा विशुद्ध-चित्त होकर मैं ऐसी स्थिति में पहुँच जाऊँ कि पुनः मुझे संसार का दर्शन न करना पड़े ।

समाप्तोऽयं ग्रन्थः